an>

Title: Need to take steps to rehabilitate the children begging on the streets.

g◌ा◌ाळमती सावित्री ठाकुर (धार): माननीय अध्यक्ष महोदया, मुझे शून्य काल में बोलने का आपने मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद।

देश में हाथ फैलाने वाले स्त्री-पुरुÂ◌ा, बच्चों की मात्रा बड़ी संख्या में है। ये चौराहे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, मस्ज़िद और गुरुद्वारे में रहते हैं। कई बार सड़कों पर भी बड़ी संख्या में बच्चे भीख मांगते हैं। कई ज़गह तो इसके कारण उनके एक्सीडेंट्स भी हो जाते हैं और ये बड़ी संख्या में हैं।

महोदया, इस संबंध में मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करती हूं कि बाल राÂष्ट्रीय अधिकार संरक्षण आयोग, चिल्ड्रेन हेल्थ लाइन, गैर सरकारी संगठनों और राज्य सरकारों से मिलकर भिक्षार्थियों के लिए शीघ्र कोई कार्रवाई करे, ताकि इनके पुनर्वास के लिए समुचित कदम उठाए जाएं।

<u>13.00 hours</u>

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री सुधीर गुप्ता और

रोड़मल नागर को श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।